हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 7 जून 2026
[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 30.0 डिग्री

11 10 गांवों से आए 642 आवेदन, 370 का मौके पर...



12 ईंधन की बढ़ती कीमत से खेती की लागत में बढ़ोतरी...



## सुशासन तिहार : जिले के सुपेबेड़ा में पेयजल संकट दूर करने 7 करोड़ रुपए की सौगात

# खाद-बीज की कमी पर कलेक्टर्स की खैर नहीं : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि प्रदेश के किसी भी किसान को खाद और बीज की कमी का सामना नहीं करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि छोटे किसानों को प्राथमिकता के आधार पर खाद-बीज उपलब्ध कराया जाए और इसकी जिम्मेदारी संबंधित कलेक्टरों की होगी। कृषि अधिकारियों को गांव-गांव जाकर किसानों को नैनो यूरिया के लाभों की जानकारी देने के भी निर्देश दिए गए। वहीं अवैध रेत उत्खनन पर सख्त कार्रवाई करने के आदेश भी जारी किए गए। मुख्यमंत्री शनिवार को गरियाबंद जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित रायपुर संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। लगभग साढ़े तीन घंटे चली इस मैराथन बैठक में रायपुर, गरियाबंद, धमतरी, बलौदाबाजार और महासमुंद जिले के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक के

■ अवैध रेत उत्खनन और खाद-बीज की किल्लत पर कड़े निर्देश



दौरान मुख्यमंत्री ने गरियाबंद जिले के सुपेबेड़ा क्षेत्र में पेयजल संकट के स्थायी समाधान के लिए तेल नदी पर एनीकट निर्माण हेतु 7 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की। इससे क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम ⏭ शेष पेज 10 पर

### 10 जून तक चलेगा सुशासन तिहार

उन्होंने राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में तेजी, टीबी मुक्त पंचायतों के निर्माण, आयुष्मान कार्डों का शत-प्रतिशत निर्माण, जल जीवन मिशन के कार्यों को समय पर पूरा करने तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 1 मई से शुरू हुआ सुशासन तिहार 10 जून तक चलेगा। इस अभियान के तहत समाधान शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन और वास्तविक फीडबैक के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आयुष्मान भारत योजना, जल जीवन मिशन, बिहान योजना, तेंदूपत्ता संग्रहण, स्वास्थ्य सुविधाओं, ई-ऑफिस संचालन, महतारी वंदन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और धान उठाव की स्थिति की समीक्षा की गई।

# देर रात तक चली पांच जिलों की मैराथन बैठक, सुस्त अफसरों को दी सख्त हिदायत

**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को गरियाबंद में आयोजित रायपुर संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय हेलीपेड से सीधा जिला पंचायत पहुंचे यहां संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में शामिल हुए सीएम विष्णु देव साय शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा देर रात तक करते रहे। बैठक से पहले उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला पंचायत परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पीपल का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। समीक्षा बैठक की शुरुआत हितग्राही मूलक योजनाओं की समीक्षा से हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास



योजना की प्रगति पर असंतोष जताते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि दिसंबर 2026 तक सभी स्वीकृत आवासों का निर्माण हर हाल में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने लंबित राजस्व प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक मंगलवार और बुधवार को राजस्व न्यायालयों में नियमित सुनवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण हो और आम नागरिकों को राहत मिल सके।

**संभाग के सभी पांच जिलों के कप्तानों की रही मौजूदगी-** सुशासन तिहार के तहत आयोजित इस बैठक में मुख्यमंत्री ने डिजिटल खसरा कार्यों की धीमी प्रगति पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से महासमुंद और गरियाबंद जिलों में अभियान चलाकर डिजिटल हस्ताक्षर संबंधी कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में रायपुर, गरियाबंद, धमतरी, बलौदाबाजार-भाटापारा और महासमुंद जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, वन मंडलाधिकारी (डीएफओ), जिला पंचायत सीईओ सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। विभिन्न विभागों की विस्तृत समीक्षा के कारण बैठक देर रात तक जारी रही। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

# 17 अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराई 21 हेक्टेयर वन भूमि



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

वन संरक्षक रायपुर वृत्त के निर्देशानुसार एवं वन मण्डलाधिकारी गरियाबंद के मार्गदर्शन में 3 एवं 4 जून को अमेठी सर्कल के अंतर्गत वन भूमि पर किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। उप वन मण्डलाधिकारी राजिम विकास चंद्राकर तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी लवकुश पांडे के नेतृत्व में गठित वन विभाग की टीम ने ग्राम दादरगांव (पुराना) में बेदखली की कार्रवाई करते हुए अतिक्रमित वन भूमि को कब्जा मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच, उप सरपंच, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तथा अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में ग्राम दादरगांव (पुराना) के 17 अतिक्रमणकारियों द्वारा वन भूमि पर किए गए कब्जे को हटाया गया। वन विभाग ने कुल 21.118 हेक्टेयर वन भूमि से अतिक्रमण हटाकर उसका समतलीकरण किया तथा भूमि को पुनः विभागीय कब्जे में लिया। इस अभियान में सहायक परियोजना अधिकारी अमेठी कमल नेताम, परिसर रक्षी बोडराबांधा लक्ष्मी कोराम, परिसर रक्षी पाटशिवनी घनश्याम ध्रुव, परिसर रक्षी भैरा युवराज नेताम, परिसर रक्षी अमेठी रामध्वज मौर्य सहित सुरक्षा श्रमिक राधेश्याम साहू, घनश्याम पटेल, हीरालाल यादव, रामेश्वर ⏭ शेष पेज 10 पर

## खंभे से टकराई बाइक, एक की मौके पर मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

देवभोग क्षेत्र में शनिवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के बाइक पर चंचल मांझी (35 वर्ष), पिता गिरधर मांझी तथा नोहर पोर्टी (42 वर्ष), पिता मंगल सिंह पोर्टी सवार थे। दोनों किसी कार्य से जा रहे थे। इसी दौरान डोहेल के आगे उरमाल-रायपुर मार्ग पर लगे साइन बोर्ड के खंभे से उनकी बाइक अनियंत्रित होकर जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि चंचल मांझी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि नोहर पोर्टी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से 112 पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी से दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने चंचल मांझी को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल नोहर पोर्टी का उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इस दुखद घटना से गिरसूल एवं आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है।



# अब जनभागीदारी से गांव में लगेगी 11वीं-12वीं की क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

ग्राम चरोदा में शासन-प्रशासन की उदासीनता से नाराज ग्रामीणों ने अपने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। पिछले 23 वर्षों से हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन कराने की मांग पूरी नहीं होने पर ग्रामीणों ने ग्राम सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अब जनभागीदारी और ग्राम पंचायत के सहयोग से गांव में 11वीं एवं 12वीं की कक्षाएं संचालित की जाएंगी। ग्राम चरोदा के ग्रामीण लंबे समय से हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल में अपग्रेड करने की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने कई बार मंत्रियों, विधायकों एवं अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे। शासन द्वारा आयोजित विभिन्न शिविरों में भी आवेदन प्रस्तुत किए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं शिक्षा मंत्री तक अपनी बात पहुंचाई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। वर्षों से मांग लंबित रहने के कारण ग्रामीणों में गहरा असंतोष ⏭ शेष पेज 10 पर

■ चरोदा में 23 साल से नहीं खुला हायर सेकेंडरी स्कूल, तो ग्रामीणों ने खुद ही ठान लिया





## अंतरवर्तीय खेती से कमा रहे दोहरा मुनाफा

# किसान हेमचंद ने 1.25 एकड़ में ड्रिप सिस्टम से उगाई गेंदे की फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)

छुरा विकासखंड के ग्राम कसेकेरा के प्रगतिशील किसान हेमचंद साहू ने फसल विविधीकरण और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर सफलता की नई मिसाल पेश की है। वे अपनी सवा एकड़ कृषि भूमि में ट्रीप (ड्रिप) सिंचाई पद्धति से गेंदे फूल की खेती कर बेहतर आय अर्जित कर रहे हैं। उनकी यह पहल क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनती जा रही है। हेमचंद साहू ने बताया कि गेंदे फूल की खेती में अब तक लगभग तीन से चार लाख रुपये की लागत आ चुकी है। वर्तमान में उनके खेत में उत्पादित गेंदे के फूलों की मांग दूर-दूर तक है और लगातार बिक्री हो रही है, जिससे उन्हें अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि फूलों की खेती के साथ-साथ खेत में अंतरवर्ती फसल के रूप में विभिन्न प्रकार की सब्जियां भी लगाई गई हैं। इन सब्जियों की हर दो से तीन दिनों में तुड़ाई की जाती है, जिससे अतिरिक्त आय का स्त्रोत भी बना हुआ है और खेती की लाभप्रदता बढ़ी है। किसान हेमचंद साहू ने बताया कि वे उद्यानिकी विभाग की योजनाओं का लाभ मिलने की उम्मीद लगाए हुए हैं, लेकिन अब तक उन्हें किसी प्रकार की सहायता या अनुदान प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में शासकीय योजनाओं का लाभ मिलने से खेती का विस्तार करने में मदद मिलेगी।



### फूल खेती के प्रति किसानों का रुझान बढ़ रहा

गेंदे फूल की खेती के माध्यम से हेमचंद साहू ने न केवल अपने लिए स्थायी रोजगार का साधन विकसित किया है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के कई लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराया है। उनकी इस सफल पहल से क्षेत्र में व्यावसायिक फूल खेती के प्रति किसानों का रुझान बढ़ रहा है। स्थानीय किसान भी अब पारंपरिक खेती के साथ-साथ नगदी फसलों और फूलों की खेती की ओर आकर्षित हो रहे हैं। हेमचंद साहू की मेहनत, दूरदर्शिता और नवाचार यह साबित करते हैं कि आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर किसान कम भूमि और सीमित जल संसाधनों में भी बेहतर उत्पादन तथा अधिक मुनाफा प्राप्त कर सकते हैं। उनकी सफलता क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रही है।

# उप-अभियंता को हटाने विधायक को ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम विधायक रोहित साहू से मुलाकात करने कोपरा नगर पंचायत के अध्यक्ष,सभापति,पार्षद प्रतिनिधि राजिम पहुंचे। यहां उन्होने एक ज्ञापन देकर नगर पंचायत कोपरा में पदस्थ उप-अभियंता झनक लाल उइके को हटाने कहा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि उप-अभियंता द्वारा विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है, जिससे नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में जनहित के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पार्षद निधि से स्वीकृत कार्यों की तकनीकी स्वीकृति समय पर नहीं मिलने के कारण विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। साथ ही आम नागरिकों ⏭ शेष पेज 10 पर

आवश्यकता है
सपना ट्रेक्टर्स (Solis tractor) राजिम में 10 पद सेल्समैन एवं 4 मैकेनिक की तुरंत आवश्यकता है।
न्यूनतम वेतन 8000 से योग्यतानुसार अधिक दिया जायेगा।
पेट्रोलिंग + प्रति ट्रैक्टर्स नुसार इंसेन्टिव अलग दिया जायेगा।
संपर्क : सपना ट्रेक्टर्स (Solis Tractor) फिंगेश्वर रोड राजिम
मो. 98271-12190, 9009371657, 7067000736

## खबर संक्षेप



### नवापारा में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**नवापारा-राजिम।** राजधानी रायपुर पुलिस कमिश्नरेट होने के बाद इसका साफ असर जिले के थाना क्षेत्र में देखा जा रहा है। जिले का बड़ा शहर नवापारा में पिछले सप्ताह भर से पुलिस का फ्लैग मार्च ,नियमित पेट्रोलिंग हो रहा है। इससे शहरवासियो में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। चूंकि अपराधिक गतिविधियां काफी कुछ बढ़ गई थी। लिहाजा इस पर कंट्रोल हो रहा है। मालूम हो कि इस तरह का फ्लैग मार्च काफी वर्षों बाद देखने को मिल रहा है। शाम ढलते ही ऐसा लगता है जैसे कोई चुनाव होने वाला है। पुलिस द्वारा शहर के चौक-चौराहों पर तीन सवारी, स्टंटबाजी एवं प्रेशर हॉर्न पर भी कार्रवाई की जा रही है। अब शाम एवं देर रात तक नगरवासी सुरक्षित माहौल में बेखौफ नगर में घुमते नजर आ रहे है। बता दे कि रायपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देश पर नवापारा पुलिस शिकंजा कस रहा है। वैसे भी यह शहर समूचे क्षेत्र में शांति एवं सहिष्णुता के लिए जाना पहचाना जाता है। शहर में शांति एवं सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही से आमजनों में पुलिस एवं प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। जन सामान्य का मानना है कि नगर में नियमित पेट्रोलिंग होती रहनी चाहिए जिससे नगर में शांति एवं सौहाद्र का वातावरण बना रहे।

### नगर पंचायत छुरा में प्रत्येक माह होगा जनसंवाद

**छुरा।** नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद की पहल पर नगरवासियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं जनसहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को जनसंवाद अपनों से अपनी बात कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नगरवासी अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव सीधे अध्यक्ष महोदया के समक्ष रख सकेंगे। प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही नगर के विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े विषयों पर भी नागरिकों से सुझाव प्राप्त किए जाएंगे। अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी बात रखने तथा नगर के विकास में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है। कार्यक्रम प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय, छुरा में प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित होगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी चालक घायल

**महासमुंद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी चालक घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि 27 मई को विष्णुदत्त साव निजी काम से अपनी स्कूटी से बसना से सरायपाली रोड की ओर जा रहा था।

## खबर संक्षेप

### खाद की समस्या बरकरार इंद्रजीत ने किया सोसायटियों का निरीक्षण



**कोपरा।** क्षेत्र में खाद की समस्या लगातार बनी हुई है, जिससे किसान परेशान हैं। शुक्रवार को जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने लोहरसी सहित आसपास की विभिन्न सहकारी समितियों (सोसायटियों) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाद वितरण रजिस्टर का अवलोकन कर किसानों के नाम, वितरण की स्थिति तथा प्रत्येक किसान को दी जा रही खाद की मात्रा की जानकारी ली। इस दौरान उपस्थित किसानों ने लोहरसी सोसायटी में डीएपी खाद उपलब्ध नहीं होने की शिकायत की। किसानों ने बताया कि उन्हें खाद के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इस पर इंद्रजीत महाडिक ने किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया तथा शीघ्र पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग की। महाडिक ने कहा कि खेती-किसानी के इस महत्वपूर्ण समय में किसानों को खाद के लिए परेशान होना उचित नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से व्यवस्था सुधारने एवं किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान किसानों ने भी खाद संकट के समाधान की मांग की। इस दौरान युगल पटेल, चंद्रशेखर साहू, कोमल ठाकुर, लिखन साहू, मोहन ढ़ीढ़ी, कोमल साहू, दुखु यादव, नंदगोपाल ठाकुर, सहित भेंडरी, रवेली, लोहरसी के किसान मौजूद रहे।

### दार्जिलिंग सूर्योत्थान महोत्सव में आराध्या ने शास्त्रीय संगीत में जीता प्रथम पुरस्कार



**अभनपुर।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नृत्य एवं संगीत प्रतियोगिता सूर्योत्थान महोत्सव में भारतीय विद्या भवन की कक्षा 7वीं की छात्रा आराध्या श्रीवास्तव ने शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। आराध्या, अभनपुर शासकीय कॉलेज की प्रोफेसर डॉ नम्रता श्रीवास्तव व अंकित श्रीवास्तव की बेटी है। अपनी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आराध्या ने सफलता का श्रेय अपने संगीत गुरु विनोद अग्रवाल को दिया। उन्होंने कहा कि गुरुजी के मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास और परिवार के सहयोग से यह उपलब्धि संभव हो पाई है।आराध्या पिछले 5 वर्षों से शास्त्रीय संगीत का विधिवत अध्ययन कर रही हैं। कम उम्र में मिली इस बड़ी सफलता से उनके परिवार, विद्यालय एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

**दिवस :** कालेज के छात्रों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधों का रोपण किया

# पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधारोपण हम सभी की जवाबदारी : डॉ. बंजारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय, फिंगेश्वर के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इंडियन युथ रेडक्रॉस प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "जलवायु कार्रवाई के लिए अब थीम पर वृक्षारोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।फणीके"वरनाथ कालेज के छात्रें ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रें में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।इस अवसर पर लोगों को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक सहभागिता का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत नारे लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता एवं ऑनलाइन पटल पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन तथा सतत विकास



जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। स्वयंसेवकों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।एक से सात जुलाई वन महोत्सव के अवसर पर समुदायों के साथ मिलकर 500 से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवकों द्वारा अपने-अपने ग्रामों एवं कार्यक्षेत्रें में भी वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जनजागरूकता अभियान संचालित किया गया।

**बिनौरी में नीम एवं पीपल के पौधों का रोपण-** डुमेश्वर प्रसाद साहू ने महाविद्यालय परिसर में अमरूद, नीम,मीठा नीम एवं नींबू, विनिशा साहू ने बेहरापाल में बेल एवं जामुन, वीणा सिन्हा ने कोसमखुंटा में नीम, नींबू एवं जाम, नेहा निर्मलकर ने बारुला में कटहल, नीम एवं आम,भूमिका साहू ने अरंड में आम,बादाम एवं अंजीर,लक्ष्मी धुरव ने राजकट्टी में जाम एवं रायजाम,टोमेश्वरी साहू ने अटक चौक बारुला में अमरूद एवं आम, तुलसी साहू ने बारुला में जाम एवं आम, तारिणी साहू ने बारुला में गुड़हल एवं करंज,मोनिका साहू ने पेंड्रा में आम, नींबू, जामुन, पीपल एवं बरगद,नीतू साहू ने बोरसी में सहतूत एवं आंवला,आर्यन निर्मलकर ने छुहिया में करंज एवं अर्जुन,हेमशरण नेताम ने गुन्दरदेही में आम,जामुन एवं अमरूद तथा कल्याण साहू ने बिनौरी में नीम एवं पीपल के पौधों का रोपण किया। स्वयंसेवकों ने स्थानीय नागरिकों को वृक्षारोपण एवं पौधों के संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का विषय नहीं,बल्कि प्रत्येक नागरिक की सतत जिम्मेदारी है।वृक्षारोपण और जनजागरूकता के माध्यम से ही हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित कर सकते हैं।

### परसदा में पौधा रोपण



नवापारा-राजिम। परसदा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष टीकू यादव ने एक पेड़ मां के नाम और एक पेड़ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अमृत सरोवर एवं गोठान में पौधारोपण किया। कहा कि एक पेड़ 100 पुत्र के समान है। पौधा रोपने के बाद उसका संरक्षण संवर्धन और देखरेख भी जरूरी है। इस दौरान विशेष ग्राम सभा का आयोजन भी किया गया जिसमें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए सरपंच रमेश वर्मा ने ग्रामीणो को प्रोत्साहित किया। कहा कि प्लास्टिक मुक्त की दिशा में तथा सूखा कचरा, गीला कचरा, सही जगह पर ही डालें। वातावरण को शुद्ध रखें। कहा कि पौधारोपण अतिआवश्यक है।

## भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



भाजपा मंडल फिंगेश्वर के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के पवन अवसर पर नगर पंचायत फिंगेश्वर के अंतर्गत लालपुर वार्ड के तालाब मैदान पर फलदार एवं छायादार जामुन नीम इत्यादि पौधों का वृक्षारोपण किया गया। उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम विश्व पर्यावरण दिवस अवसर पर किया गया पौधा रोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं वरिष्ठ नेता रामू राम साहू,भाजपा मंडल फिंगेश्वर के अध्यक्ष मंजू हरित, मंडल महामंत्री भुवन लाल साहू, जिला उपाध्यक्ष ईश्वर लाल साहू,किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति मनीष हरित सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ ने उपस्थित होकर वृहद पौधा रोपण कार्यक्रम में भाग लिया। भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामू राम साहू ने कहा कि आज पूरे विश्व के लिए ऐतिहासिक दिन है। आज विश्व पर्यावरण दिवस भारत सहित पूरे विश्व में मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 12 वर्ष का कार्यकाल बेमिसाल रहा है।देश विकसित भारत की ओर बढ़ा है तथा देश की सुरक्षा, जनता की आर्थिक उन्नति के साथ अनेक जन कल्याणकारी कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया है। विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ईश्वर साहू भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति मनीष हरित,जिला मंत्री जगदीश यदु, महामंत्री भुवन लाल साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्यारेलाल सोनकर, मंडल उपाध्यक्ष मिंजून साहू उपस्थित थे।

## बिजली स्कूल में मनाया गया पर्यावरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

5 जून को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शाला परिसर में आम,नीबू, कटहल,जामुन एवं नीम का पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य रामायण मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है बढ़ते प्रदूषण,जलवायु परिवर्तन एवं प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण मानव जीवन प्रभावित हो रहा है।उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने,जल संरक्षण करने तथा पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।उन्होंने आगे कहा कि यदि हम आज प्रकृति की रक्षा नहीं



करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण नहीं मिल पाएगा। व्याख्याता पूरन लाल साहू ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस प्रतिवर्ष 05 जून को मनाया जाता है जिसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और पृथ्वी की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयास को बढ़ावा देना है। पर्यावरण न केवल जलवायु में संतुलन बनाए रखने का काम करता है बल्कि जीवन के लिए आवश्यक सभी चीजों को प्रदान करता है।उन्होंने आगे कहा कि यदि हम पर्यावरण का संरक्षण नहीं करेंगे तो प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण मानव अस्तित्व और हमारा भविष्य खतरे में पड़ जाएगा इसलिए वृक्ष के महत्व को समझते हुए हम सभी को अपने पर्यावरण को बचाने में सहयोग करते हुए वृक्षारोपण करना चाहिए। अतः पर्यावरण हमारे जीवन का मुख्य आधार है।इस मौके पर संस्था के प्राचार्य रामनारायण मिश्रा, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, नकुल राम साहू, क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू उपस्थित थे।

### शीतला माता मंदिर परिसर में पौधे रोपे

रसेला। एक पेड़ मां के नाम के तहत विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम रसेला के शीतला माता मंदिर परिसर में एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के द्वारा पौधा रोपण कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सभा का आयोजन भी हुआ। इस मौके पर जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर,सरपंच रुपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, दिव्यानंद यादव, दुलम यादव, ट्रेनर संगीता साहू, यशराम यादव, राजकुमार साहू सहित सभी युवतियां उपस्थित थे।



पर्यावरण के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन को रोकना और पृथ्वी को बचाना केवल एक नारा नहीं, बल्कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। यदि हम हरित जीवनशैली अपनाएं और स्वच्छ पर्यावरण को प्राथमिकता दें। तभी हम स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। इसी कड़ी में सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने बताया कि केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं है, बल्कि मानव जीवन, उद्योग, कृषि और आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व से जुड़ा एक बड़ा खतरा है। उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा हमें यह समझना होगा कि जल, जंगल और जमीन का संरक्षण ही हमारा कर्तव्य है, क्योंकि यही हमारे जीवन का आधार है। आज का संरक्षण ही हमारे कल का भविष्य है, जिससे हम सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। यशराम यादव ने बताया कि आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को अनुभव कर रहीं हैं बढता तापमान अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और प्राकृतिक आपदाएं हमारे लिए एक चेतावनी है। संगीता साहू ने पर्यावरण से संबंधित विभिन्न नियमों की जानकारी दी एवं एक पेड़ मां के नाम थीम के तहत सतत विकास हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का सुझाव दिया। इस दौरान सिलाई मशीन सीखने वालीं युवतियां, महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## स्वावलंबी महिला समिति ने रोपे पौधे, जल संवर्धन का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वावलंबी महिला विकास समिति, गरियाबंद द्वारा पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम साढ़ोली में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए "एक व्यक्ति – एक पौधा, धरती के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण किया और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने "हरित पर्यावरण, स्वस्थ जीवन, "पेड़ लगाएं, पर्यावरण बचाएं, "जल बचाएं, स्वस्थ जीवन का आधार बनाएं" तथा "सशक्त महिला- हरित पर्यावरण-सुरक्षित भविष्य" जैसे संदेशों के



माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया। समिति की सदस्याओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। महिलाओं ने बताया कि पेड़-पौधे केवल वातावरण को शुद्ध करने का कार्य नहीं करते, बल्कि भूजल स्तर को बनाए रखने, जैव विविधता को संरक्षित करने और मानव जीवन को स्वस्थ एवं सुरक्षित बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष श्रीमती बिंदु वर्मा के नेतृत्व में सारिका महाडिक, पुनीता साहू, गुलेश्वरी ठाकुर, कोषाध्यक्ष धानी मानिकपुरी, मंजू चनापे, नेहा जॉन, सुनीता साहू, माही साहू, सरिता साहू, राधारानी सोनी, तनु साहू सहित समिति की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित महिलाओं ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, उनकी सुरक्षा करने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और सुरक्षित पर्यावरण के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का सामूहिक संकल्प लिया।

### परतेवा में निर्मला घाट निर्माण कार्य प्रगति पर



**सुरसाबांधा।** ग्राम पंचायत परतेवा में ग्रामीणों की सुविधा एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए निर्मला घाट निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। यह कार्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत कराया जा रहा है। सरपंच षट्कोण साहू के प्रयासों से गांव में लंबे समय से महसूस की जा रही आवश्यकता को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। निर्मला घाट के निर्माण से ग्रामीणों को निस्तारी, धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही जलस्रोतों के आसपास स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित वातावरण विकसित करने में भी सहायता मिलेगी। निर्माण कार्य में स्थानीय श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे मनरेगा योजना का उद्देश्य भी सार्थक हो रहा है। सरपंच षट्कोण साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत के विकास एवं ग्रामीणों की मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न जनहितकारी कार्यों को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। निर्मला घाट निर्माण पूर्ण होने के बाद ग्रामीणों को इसका सीधा लाभ मिलेगा तथा गांव की आधारभूत सुविधाओं में वृद्धि होगी।

**कौन्दकेरा के शिक्षकों का 'भगीरथ प्रयास' बना राष्ट्रीय आंदोलन**

# चंपारण में 20 राज्यों के सैकड़ों गुरुजनों ने ली महा-जल प्रतिज्ञा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा के व्याख्याता द्वय मीनाक्षी शर्मा एवं सतीश मालवीय द्वारा जमीनी स्तर पर चलाया जा रहा जल जीवन अभियान अब एक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। महाप्रभु वल्लभाचार्य की जन्मस्थली एवं भगवान चम्पेश्वरनाथ जी की नगरी चंपारण में आयोजित प्रतिष्ठित भगवान बिरसा मुंडा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक सम्मान समारोह के मंच पर इस अभियान को न केवल भारी सराहना मिली बल्कि समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे देश भर के सैकड़ों उत्कृष्ट शिक्षकों ने इससे प्रेरित होकर सामूहिक रूप से महा-जल प्रतिज्ञा ली कार्यक्रम में देश लगभग बीस राज्यों से आए राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता और



नवाचारी शिक्षकों ने एक सुर में माना कि पानी का संकट आने वाली पीढ़ी के भविष्य से जुड़ा है और इसका संरक्षण ही जीवन की बचाये रखेगा। समारोह के विशेष सत्र में व्याख्याता मीनाक्षी शर्मा ने अपने जल जीवन अभियान के तहत अब तक किए गए कार्यों, केस स्टडीज और नवाचारों का एक प्रभावी प्रेज़ेंटेशन दिया। उन्होंने उपस्थित शिक्षक समुदाय से भावुक अपील करते हुए कहा, एक शिक्षक सिर्फ पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाता, बल्कि वह समाज की चेतना को भी गढ़ता है अगर आज हमने बच्चों को पानी बचाना नहीं सिखाया तो कल का भविष्य प्यासा रह जाएगा इस अपील का वहां मौजूद शिक्षकों पर इतना गहरा प्रभाव पड़ा कि सभी ने अपने स्थान पर खड़े होकर हाथ आगे बढ़ाकर पूरी निष्ठा के साथ जल संरक्षण की शपथ ली। शिक्षकों ने संकल्प लिया कि वे जब अपने-अपने गृह राज्यों और विद्यालयों में लौटेंगे, तो इस संदेश को बच्चों के जरिए उनके घरों और गांवों की चौपालों तक पहुंचाएंगे।

## पेज 9 के शेष...

### खाद-बीज की...

व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

**केवल कार्ड नहीं, इलाज भी मिले-** आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल कार्ड बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि पात्र हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण उपचार और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का वास्तविक लाभ मिलना चाहिए।

शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने शिक्षकों की कमी वाले विषयों में एआई तकनीक के उपयोग और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। वहीं सड़क सुरक्षा, पुलिस व्यवस्था और देश में लागू तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने तथा नशामुक्ति अभियान को और मजबूत करने पर जोर दिया। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू, बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, विशेष सचिव एवं आयुक्त जनसंपर्क रजत बंसल, रायपुर संभागायुक्त श्याम धावड़े, आईजी अमरेश मिश्रा, सीसीएफ मणिवासगन एस., गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर सहित रायपुर संभाग के सभी जिलों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### 17 अतिक्रमणकारियों...

ठाकुर, भोलाराम साहू, राकेश टोडर एवं राम यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध आगे भी नियमित रूप से अभियान चलाया जाएगा तथा शासकीय वन भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में वन भूमि संरक्षण को लेकर विभाग की सक्रियता का संदेश गया है।

### अब जनभागीदारी से...

व्याप्त है। 6 जून को आयोजित विशेष ग्राम सभा में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अब वे शासन के निर्णय की प्रतीक्षा नहीं करेंगे। ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभा के सहयोग से हाई स्कूल परिसर में 11वीं और 12वीं की कक्षाओं का संचालन जनभागीदारी के आधार पर किया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि ग्राम पंचायत, जनप्रतिनिधि, महिला स्व-सहायता समूह और ग्रामीण मिलकर आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था करेंगे, ताकि गांव के विद्यार्थियों को उच्च माध्यमिक शिक्षा के लिए दूसरे स्थानों पर न जाना पड़े।

**बेटियों की शिक्षा सबसे बड़ी चिंता**

ग्रामीणों ने बताया कि हायर सेकेंडरी स्कूल नहीं होने से सबसे अधिक प्रभावित गांव की छात्राएं होती हैं। आगे की पढ़ाई के लिए उन्हें दूरस्थ विद्यालयों में जाना पड़ता है, जिससे कई छात्राएं आर्थिक, सामाजिक एवं यातायात संबंधी समस्याओं के कारण पढ़ाई बीच में ही छोड़ देती हैं। ग्रामीणों का मानना है कि गांव में ही 11वीं-12वीं की पढ़ाई शुरू होने से बेटियों सहित सभी विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर मिल सकेंगे। ग्राम सभा में ग्राम सभा अध्यक्ष नकछेड़ा राम नागेश, ग्राम समिति अध्यक्ष टीकुम सिंह सोरी, सरपंच श्रीमती लालता बाई नागेश, सरपंच पति घनश्याम नागेश, ग्राम प्रमुख बंशीलाल नागेश, ग्रामीण युवा अध्यक्ष तेजराम नागेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### उप-अभियंता को...

एवं जनप्रतिनिधियों के साथ असहयोगात्मक व्यवहार किए जाने की शिकायत भी दर्ज कराई गई। जनप्रतिनिधियों ने विधायक रोहित साहू से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने तथा नगर पंचायत कोपरा में किसी अन्य उप-अभियंता की पदस्थापना करने की मांग की। विधायक ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्णानंद सेन, सभापति विद्या साहू, प्रणय साहू, सुरेखा गोयल, पार्षद विक्रम साहू, पुरेन्द्र साहू, शिवम सिन्हा, नंदराज वंशे, बेदू साहू एवं दिलीप वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर के विकास कार्यों को गति देने तथा आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रशासन को शीघ्र आवश्यक कदम उठाने चाहिए, जिससे नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

## खबर संक्षेप



### वृक्ष प्रकृति का श्रृंगार : योगिता

**नवापारा-राजिम।** प्रतिष्ठित समाज सेवी संस्थान पृथ्वीम फाउंडेशन ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर के विभिन्न स्थानों, मंदिरों एवं तालाब के किनारे वृक्षारोपण किया। पृथ्वीम फाउंडेशन की अध्यक्ष योगिता सिन्हा के नेतृत्व में फाउंडेशन के सदस्यों ने पंचकोशी पटेश्वर महादेव, पटेवा के मंदिर प्रांगण में बरगद का पेड़ लगाया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पेड़ को चारों ओर से कटीली झाड़ियों से घेरा गया। उक्त अवसर पर पृथ्वीम फाउंडेशन की अध्यक्ष योगिता सिन्हा ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। वृक्ष प्रकृति का श्रृंगार है। खुले एवं अनुपयोगी स्थानों, मार्ग के दोनों ओर अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण असंतुलन के प्रकोप से बचा जा सकता है। पौधे लगाने के साथ साथ उनकी सुरक्षा का उपाय भी जरूरी है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में फाउंडेशन की वरिष्ठ सदस्य सविता गोस्वामी, साखी निर्मलकर, खिलेश्वरी साहू उपस्थित रही।

### हेमंत सिन्हा भाजपा मीडिया संयोजक

छुईहा बेलर। भारतीय जनता पार्टी जिला गरियाबंद ने पार्टी को मजबूत बनाने एवं संगठन को नई दिशा प्रदान करने संगठन का विस्तार किया गया। जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर की अनुशंसा से सोशल मीडिया जिला संयोजक अमित वखरिया ने हेमंत सिन्हा को सोशल मीडिया जिला सदस्य नियुक्त किया गया। हेमू सिन्हा ने भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजु हरित, दशरथ सिन्हा राष्ट्रीय हिंदू वहनी जिला अध्यक्ष, मिंजून साहू, अरुण सिन्हा कोमल ढीढी, यशवंत साहू, भागवत सिन्हा, नीलम साहू, प्रेमलाल टोडर एवं समस्त वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों का धन्यवाद किया है।

### बिक्री नामा

**विक्रेता :-** श्रवण कुमार पिता श्री मेहत्तर सिंह जाति महार, निवासी ग्राम रानीपरतेवा तहसील छुरा जिला गरियाबंद छ.ग.। आधार नंबर 5273 5863 3921
**क्रेता :-** योगेश नंदा खैरनार पिता स्व. श्री नंदा शिवबा खैरनार, निवासी डोगरेंज, नाशिक विरगांव महाराष्ट्र ।
वर्तमान पता - रानीपरतेवा तहसील छुरा जिला गरियाबंद छ.ग.। आधार नंबर - 8483 9534 1094
**मुआवजा :-** 50,00,000/- रूपयें अक्षरी पचास लाख रूपयें मे सौदा तय कर आपस में चुकता रकम नगद भर पाया।

**विवरण :-** तफसील बिक्री शुदा संपत्ति वाके ग्राम रानीपरतेवा प.ह.नं. 13, रा.नि.मं. व तहसील छुरा जिला गरियाबंद छ.ग. में स्थित है, जिसका खसरा नंबर 843 का टुकड़ा, भुखण्ड क्रमांक 245 क्षेत्रफल 596 वर्गमीटर में स्थित दो मंजिला पक्का मकान एवं मकान में रखे समस्त समाग्री को बिक्री हेतु सौदा तय किया गया है, जिसके उत्तर में रास्ता, दक्षिण में रिक्त, पूर्व में टीकम, पश्चिम में नरेन्द्र का मकान/भूमि स्थित है, जो कि उक्त भूमि का न्यायालय तहसीलदार महोदय छुरा के प्रकरण क्रमांक 11/अ-66/2017-18 के तहत पट्टा प्रदान किया गया है।

यह कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति दो मंजिला पक्का मकान एवं मकान में रखे समाग्री जो कि हर प्रकार से भार साफ एवं पाक है तथा रहन व बंधक नही है हर तरह के विवादों से मुक्त है को विक्रेता को रूपयो की आवश्यकता होने पर विक्रेता ने उपरोक्त वर्णित संपत्ति दो मंजिला पक्का मकान एवं मकान में रखे समाग्री को उपरोक्त खरीददार के पास 50,00,000/- रूपयें अक्षरी पचास लाख रूपये में सौदा तय कर आपस में चुकता रकम नगद भर पाकर हमेशा-हमेशा के लिये बिक्री कर दखल कब्जा देकर मालिक बना दिया हूँ।

यह कि अब उक्त संपत्ति दो मंजिला पक्का मकान एवं मकान में रखे समाग्री को अपने अमल दखल में लावे उपयोग उपभोग करें तथा पक्का मकान को अपने नाम से ग्राम पंचायत के अभिलेख मे दर्ज करा कर पट्टा की मांग करें जिस पर विक्रेता या विक्रेता के किसी भी वारिसानों का किसी भी प्रकार की कोई आपित्त नही होगा।

यह कि भविष्य में बिक्रीशुदा संपत्ति दो मंजिला पक्का मकान एवं मकान में रखे समाग्री को भविष्य में विक्रेता या विक्रेता के किसी भी वारिसानों के द्वारा किसी भी प्रकार की कोई हक कब्जा नहीं जतायेगा, अगर ऐसा करते पाया गया तो इस बिक्रीनामा के आधार पर झुठा व नजायज माना जावेगा।

यह कि जब तक विक्रेता श्रवण कुमार एवं उक्त भवन में सेवा कार्य के लिये रहने वाली सेवाधारी बहन बी.के. वंदना दुबे पति श्री संजय दुबे निवासी गरियाबंद तहसील व जिला गरियाबंद छ.ग. वर्तमान में विगत 12 वर्षो से ग्राम रानीपरतेवा तहसील छुरा जिला गरियाबंद छ.ग. में निवासरत है, जब तक जीवित है, तब तक उक्त मकान ओम शांति भवन रानीपरतेवा में रहेगें तथा वृध्दा अवस्था में उन दोनो की देखभाल की जवाबदारी क्रेता योगेश नंदा खैरनार की होगी। उन दोनो के मरणोपंरात रानीपरतेवा के उक्त मकान परिशर के बाड़ी में दोनों का अंतिम संस्कार किया जायेगा, जिस पर क्रेता योगेश नंदा खैरनार की पूर्ण सहमति है।

यह कि मैने पूर्व में उक्त भूमि का सुमन साहू पिता श्री रोहित साहू एवं प्रभा बया पिता मेहत्तर सिंह के नाम से वसीयत किया था उक्त वसीयत दिनांक 17.12.2025 को अमान्य घोषित कर बिक्रीनामा निष्पादित किया हूं।

इसलिए साथ पुर्ण होशहवाश व पूर्ण रजामंदी से लिखा दिये है कि सनद रहे और समय पर काम आवें। उपरोक्त बातो को पढ़-पढ़ा सुन समझकर सही होना पाये और स्वीकार कर अपना-अपना हस्ताक्षर गवाहों के समक्ष दिनांक 17/12/2025 को कर दिये।

**हस्ताक्षर विक्रेता**
**(श्रवण कुमार आजाद)**
**हस्ताक्षर क्रेता**
**योगेश नंदा खैरनार**

**कार्यक्रम : परसट्टी सुशासन तिहार में उमड़ा जनसैलाब, दिग्गजों की रही मौजूदगी**

# 10 गांवों से आए 642 आवेदन, 370 का मौके पर निपटारा, बांटे गए राशन कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-भेण्डरी

ग्राम पंचायत परसट्टी में कलस्टर स्तरीय सुशासन तिहार के आयोजन में 642 आवेदन मिला जिसमें से 370 मौके पर ही निराकृत किया गया। इस तिहार में ग्राम पंचायत परसट्टी, नवागांव, चंदना, चन्द्रसुर, बुड़ेनी, भेण्डरी, परेवाडीह, मोहरेंगा, कुण्डेल एवं धौराभांठा के लोग शामिल थे। समाधान शिविर में जनपद पंचायत मगरलोड के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, कृषि सभापति राजेश साहू, जिला पंचायत सदस्य मीना-डेमू साहू, जनपद सदस्य अनिता वर्मा, तेजराम साहू ,विनीता साहू ,पूर्व जनपद अध्यक्ष श्याम साहू, नगर पंचायत करेलीबड़ी के अध्यक्ष महेन्द्र साहू, भेण्डरी सोसायटी अध्यक्ष हेमंत साहू, भाजपा मंडल प्रभारी होरीलाल साहू, पूर्व जनपद सदस्य डागेश्वर सोनकर, पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन, भेण्डरी सरपंच राजेश्वरी-आनंद पटेल,बुड़ेनी सरपंच खेमू साहू, सरपंच टोमन साहू ,जीवन यादव, केवरा साहू, डायमंड धुव्र, प्रीति धुव्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। शिविर के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से प्राप्त मांग एवं शिकायतों के निराकरण की जानकारी ली तथा आम नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश एवं आवश्यक सामग्री वितरित की गई। जनपद पंचायत मगरलोड द्वारा तीन पात्र हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड प्रदान किए गए। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग हितग्राहियों को एक बैसाखी एवं एक छड़ी वितरित की गई। श्रम विभाग ने चार श्रमिकों को श्रम कार्ड प्रदान किए। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर 58 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान सिकल सेल, ब्लड प्रेशर, शुगर, सर्दी-बुखार एवं कमजोरी से संबंधित जांच की गई। साथ ही पांच पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान वय वंदन कार्ड वितरित किए गए।



### 12 लोगों के नए ड्राइविंग लाइसेंस बनाए गए

परिवहन विभाग द्वारा 12 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए गए तथा पांच हितग्राहियों को ड्राइविंग लाइसेंस का वितरण किया गया। समाधान शिविर में ग्रामीणों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अब उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। सुशासन तिहार के माध्यम से प्रशासन सीधे गांवों तक पहुंचकर समस्याओं का निराकरण कर रहा है, जिससे शासन और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद मजबूत हो रहा है।

# अभिभावक की तरह बच्चों के बीच पहुंचे मुख्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के गरियाबंद आगमन के दौरान हेलीपैड पर एक ऐसा भावुक और मनमोहक दृश्य देखने को मिला, जिसने वहां मौजूद हर व्यक्ति का दिल छू लिया। राजिम विधायक रोहित साहू की पहल पर स्थानीय नन्हे-मुन्ने बच्चों की मुख्यमंत्री से मुलाकात कराई गई। मुख्यमंत्री के हेलीपैड पहुंचते ही बच्चों ने अपने छोटे-छोटे हाथों में गुलाब के फूल लेकर उनका आत्मीय स्वागत किया। /"मुख्यमंत्री जी का स्वागत है... स्वागत है...के स्वर जैसे ही गूंजे, पूरा माहौल स्नेह और अपनत्व से भर उठा। मासूम बच्चों की निश्छल मुस्कान और उत्साह देखकर मुख्यमंत्री भी भावुक हो उठे। बच्चों के बीच पहुंचकर मुख्यमंत्री ने न सिर्फ उनका अभिवादन स्वीकार किया बल्कि उनसे आत्मीयता से बातचीत भी की। उन्होंने बच्चों का हालचाल जाना, उनका उत्साह बढ़ाया और खूब स्नेह लुटाया। इस दौरान बच्चों के चेहरों पर मुख्यमंत्री से मिलने की खुशी साफ झलक रही थी मानो उन्हें कोई अपना अभिभावक मिल गया हो। हेलीपैड पर कुछ पल के लिए प्रशासनिक और राजनीतिक औपचारिकताएं पीछे छूट गईं और वहां केवल बच्चों की मासूमियत, गुलाब की खुशबू और आत्मीय संबंधों का दृश्य दिखाई दे रहा था। मुख्यमंत्री और बच्चों के बीच का यह भावनात्मक संवाद उपस्थित लोगों के लिए यादगार बन गया।



### गुलाब गार्डन में संगीता ने रोपा आम का पौधा

**नवापारा-राजिम।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नवापारा भाजपा मंडल द्वारा रायपुर रोड स्थित गुलाब गार्डन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष विजय गोयल की धर्मपत्नी संगीता गोयल ने आम का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा पौधे के पूर्ण विकसित होने तक उसकी देखरेख करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। वृक्षारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने का माध्यम है। उल्लेखनीय है कि संगीता गोयल को वृक्षारोपण की प्रेरणा उनके पति विजय गोयल से मिली है। विजय गोयल ने अपने पालिका के अध्यक्ष कार्यकाल के दौरान पर्यावरण संरक्षण को विशेष प्राथमिकता दी थी।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के 6 जून को गरियाबंद आगमन के दौरान किसानों और आम नागरिकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गरियाबंद ने अध्यक्ष अमित मिरी के नेतृत्व में सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सौंपा। कांग्रेस पदाधिकारी मुख्यमंत्री से मिलने जा रहे थे, लेकिन प्रशासन की ओर से तहसील स्तर पर ही ज्ञापन प्राप्त किया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश के किसान पिछले दो वर्षों से लगातार कृषि संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। तकनीकी दिक्कतों, सहकारी संस्थाओं से जुड़ी परेशानियों तथा संसाधनों की कमी के कारण खेती-किसानी प्रभावित हो रही है। कृषि प्रधान जिला गरियाबंद में अधिकांश लोगों की आजीविका खेती पर निर्भर होने से इन समस्याओं का व्यापक असर पड़ रहा है। कांग्रेस ने किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराने, लंबित सीमांकन आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने तथा पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत देने और कृषि कार्यों के लिए डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है। ज्ञापन में वर्षों से लंबित पैरी-घुम्मर नहर परियोजना को शीघ्र पूरा करने की मांग भी की गई। साथ ही सुशासन तिहार के दौरान ग्राम खरहरी में हुए हादसे के घायलों को बेहतर उपचार एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। कांग्रेस नेताओं ने गरियाबंद-छुरा मार्ग के चौड़ीकरण की मांग उठाते हुए कहा कि सड़क संकरी होने के कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसके अलावा जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता बताते हुए कहा गया कि अस्पताल रेफर सेंटर बनकर रह गया है, जिसके कारण मरीजों को बेहतर इलाज के लिए दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमित मिरी ने मुख्यमंत्री से किसानों और आम नागरिकों से जुड़े इन मुद्दों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई कर राहत प्रदान करने की मांग की। इस दौरान जिला महासचिव डिलेश्वर देवांगन, महेन्द्र सिंह राजपूत, ब्लॉक उपाध्यक्ष रमेश मेश्राम, मनीष ध्रुव, पार्षद संदीप सरकार, विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल, मंडल अध्यक्ष भानु सिन्हा, कोषाध्यक्ष नंदू गोस्वामी, पूर्व पार्षद प्रतिभा पटेल, गुरनूर कौर, ऐश्वर्य यदु, अक्तूराम यादव, लीचु देवांगन, आत्माराम, राजकुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विकास कार्यों की गुणवत्ता से समझौता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शनिवार को गरियाबंद पहुंचे, जहां हेलीपैड पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला महामंत्री आशीष शर्मा, कोषाध्यक्ष अजय रोहरा सहित जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में उच्चस्तरीय संभागीय समीक्षा बैठक प्रारंभ हुई। बैठक में रायपुर संभाग के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद हैं। मुख्यमंत्री रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, बलौदाबाजार-भाटापारा और महासमुंद जिलों में संचालित विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा कर रहे हैं। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध कार्यों की पूर्णता तथा आम जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए और विकास कार्यों की गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए। संभागीय समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति, अधोसंरचना विकास, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की जा रही है। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय नजर आया।

### भेण्डरी के जनप्रतिनिधियों किया पौधा रोपण



**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी में विश्वपर्यावरण दिवस के अवसर पर सरपंच राजेश्वरी पटेल, मंडल महामंत्री एवं पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन, जनपद सदस्य विनीता साहू, सोसायटी अध्यक्ष हेमंत साहू, सरपंच प्रतिनिधि आनंद पटेल ,उपसरपंच राधे पटेल, ग्राम विकास सचिव कामता साहू, यशवंत यादव, लेखराम साहू, नंदू सेन, गिरीश साहू, पिंटू सिन्हा, गुलापा साहू, दीपा साहू, एवन साहू, नीलकंठ जांगड़े, दाऊलाल पटेल, रोहित साहू, सेवक साहू, टामन लाल, नरसिंह यादव, राकेश पटेल ने पौधे रोपे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप



### शिक्षक संघ की जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात

**राजिम।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा ने जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर से सौजन्य मुलाकात कर शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। चर्चा के दौरान सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों के प्रकरण समय सीमा में हो। जीपीएफ ,पार्ट फाइनल की अग्रिम धनराशि भी समय सीमा पर निपटाया जाए ,चिकित्सा क्षतिपूर्ति की राशि समय सीमा के भीतर भुगतान किया जाना चाहिए। इस अवसर पर जिला सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर, दुष्यंत साहू , रुद्र प्रताप साहू मौजूद थे।

### प्रदेश के विकास में पर्यावरण की महत्वपूर्ण भूमिका :भागचंद चतुर्वेदी

**राजिम।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्यपाल पुरूस्कृत शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी ने कहा कि 5 जून का यह दिन हमें प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण संतुलन तथा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित



भविष्य के प्रति जागरूक करता है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, बढ़ते तापमान, जल संकट और प्रदूषण जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है, तब प्राकृतिक संपदाओं से समृद्ध छत्तीसगढ़ राज्य के लिए पर्यावरण संरक्षण और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। यहां की हरियाली, घने वन, नदियाँ, जलस्रोत, जैव विविधता और आदिवासी संस्कृति राज्य की पहचान हैं। राज्य का लगभग 44 प्रतिशत क्षेत्र वनाच्छादित है, जो न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक है, बल्कि लाखों लोगों की आजीविका का भी आधार है। वन सम्पदा, औषधीय पौधे, लघु वनोपज और जैव विविधता छत्तीसगढ़ की आर्थिक एवं सामाजिक समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

### बढ़ती मंहगाई से आम जनता त्रस्त : सांडे

**मैनपुर।** आज लगातार बढ़ती मंहगाई से मध्यम वर्गीय और गरीब परिवार का घरेलु बजट पूरी तरह प्रभावित हो गया है। दाल, चांवल, सब्जी का दाम के साथ पेट्रोल डीजल का दाम बढ़ रहा है और



भाजपा सरकार मंहगाई रोकने मे पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। उक्त बातें ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर के उपाध्यक्ष डिगेश्वरी सांडे ने कही। श्रीमति सांडे ने आगे कहा की यदि समय रहते सरकार जनहित में ठोस कदम नही उठायेंगे तो आने वाले दिनो मे मंहगाई और अधिक बढ़ेगा इसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को पड़ेगा आज इस क्षेत्र में रसोई गैस नहीं मिल पा रहा है रसोई गैस के लिए 20 किमी दूर बिन्द्रानवागढ़ तक अतिरिक्त खर्च कर जाना पड़ रहा है जहां एक बार में गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो रहा है लोग परेशान हो गए हैं।

### शहर में संडे ऑन साइकिल रैली आज

**महासमुंद।** विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में 07 जून रविवार को साइकिल रैली, योगासन, जुंबा, आत्मरक्षा जैसे गतिविधियों का आयोजन मिनी स्टेडियम से प्रातः 07 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण रायपुर के निर्देशानुसार साइकिल रैली मिनी स्टेडियम से सुबह 8 बजे प्रारंभ होकर बरोंडा चौक, शास्त्री चौक, गांधी चौक होकर मिनी स्टेडियम में समापन किया जाएगा।

---

**परेशानी : सोसायटियों के चक्कर काटने को मजबूर वनांचल के किसान**

# ईंधन की बढ़ती कीमत से खेती की लागत में बढ़ोतरी, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

डीजल और पेट्रोल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी का असर अब खेती–किसानी पर भी साफ दिखाई देने लगा है, कृषि कार्यों में उपयोग होने वाले ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, थ्रेसर और सिंचाई पंपों के संचालन की लागत बढ़ने से किसानों की चिंता बढ़ गई है, किसानों का कहना है कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि फसलों के दाम उस अनुपात में नहीं बढ़ रहे हैं, ऐसे में खेती का लाभ कम होता जा रहा है,किसानों के अनुसार कुछ वर्ष पहले जहां एक एकड़ खेत की जुताई के लिए ट्रैक्टर का खर्च 800 से 1000 रुपए तक आता था, वहीं अब यह बढ़कर 1200 से 1500 रुपए या उससे अधिक हो गया है इसी तरह बुआई, कटाई और मिंजाई जैसे कार्यों में भी अतिरिक्त खर्च का सामना करना पड़ रहा है, आगामी खरीफ सीजन की तैयारी में जुटे किसानों का कहना है कि डीजल महंगा होने से कृषि यंत्र संचालकों ने किराए में वृद्धि हो गया है, जिसका सीधा असर जेब पर पड़ रहा है खेती में डीजल एक प्रमुख लागत घटक है जुताई से लेकर फसल कटाई तक अधिकांश कृषि कार्य डीजल चलित मशीनों पर निर्भर है।



#### बढ़ी लागत से कम होगा मुनाफा

किसानों का कहना है कि खाद, बीज, कीटनाशक और मजदूरी की लागत पहले से ही बढ़ी हुई है,अब डीजल–पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि ने खेती को और महंगा बना दिया है इससे प्रति एकड़ लागत बढ़ेगी और फसल बेचने के बाद मिलने वाला वास्तविक लाभकम हो जाएगा किसानों ने कृषि कार्यों में उपयोग होने वाले डीजल पर राहत देने की मांग भी उठाई है, किसानों की चिंता बढ़ा दी है, किसानों का कहना है कि यदि लागत बढ़ती रही और फसलों का उचित मूल्य नहीं मिला तो खेती का आर्थिक संतुलन बिगड़ सकता है ग्रामीण क्षेत्रें में किसान अब कृषि लागत कम करने के विकल्पों पर भी विचार कर रहे हैं।

#### सरकारी दावों के बीच सर्वर डाउन

किसानों ने बताया यदि सोसायटियों में नगद भुगतान पर यूरिया की बिक्री शुरू कर दी जाए तो खाद की कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लग सकती है और किसानों को राहत मिलेगी वर्तमान में प्रायवेट में अब भी 500 से 700 रुपए में यूरिया मिल रहा है, पिछले दिन कृषि विभाग के अधिकारियों ने छापा मारकर कार्यवाही भी किया है, दुसरी ओर ग्रामीण वनांचल क्षेत्र में बीज वितरण की प्रक्रिया शुरू होने के बावजूद अनेक किसानों को पंजीयन, सत्यापन और ऑनलाइन पोर्टल संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है पिछले दिनों पोर्टल की तकनीकी समस्याओं के कारण किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ा था हालांकि विभाग का दावा है कि अधिकांश तकनीकी खामियों को दूर कर लिया गया है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों से अब भी बीच-बीच में सर्वर धीमा चलने और तकनीकी खराबी की जानकारी लगातार आ रही है।



#### अकरस जुताई में जुटे किसान सरकारी तैयारियां अब भी अधूरी

गरियाबंद जिले में मानसून के आगमन की संभावित तिथि नजदीक आते ही किसान खरीफ सीजन की तैयारियों में जुट गए हैं कई क्षेत्रें में अकरस जुताई का कार्य तेज हो गया है ताकि पहली बारिश होते ही बोनी शुरू की जा सके दूसरी ओर कृषि विभाग और सहकारी समितियों की तैयारियां अभी भी पूरी तरह पटरी पर नहीं आ सकी हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है कृषि विशेषज्ञों के अनुसार 16 जून के आसपास मानसून के पहुंचने की संभावना है ऐसे में किसानों को समय पर खाद, बीज और चुनौती बन गया है जिले के ग्रामीण क्षेत्रें में किसान खेतों की जुताई और मेढ़बंदी में जुटे हैं, लेकिन कई स्थानों पर खाद-बीज वितरण की गति अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंची है जानकारों का कहना है कि खरीफ सीजन में सबसे अधिक मांग डीएपी खाद की रहती है किसानों को आशंका है कि बोनी के समय मांग बढ़ने पर कहीं खाद की किल्लत न हो जाए सहकारी समितियों में डीएपी, यूरिया, एनपीके और सुपर फास्फेट के पर्याप्त भंडारण का दावा किया जा रहा है, मैनपुर आदिवासी वनांचल क्षेत्र कुल्हाड़ीघाट, जांगड़ा, जुगाड़ किसान जीवन मरकाम, बुद्धू राम ठाकुर, योगेंद्र निषाद, बलराम ध्रुव ने आरोप लगाया है कि सोसायटियों में खाद वितरण के लिए किसानों से पहले मैन्युअल रजिस्टर में और फिर मशीन में अलग-अलग एंट्री कराई जा रही है, जिसके बाद ही खाद दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर प्रति एकड़ केवल एक बोरी डीएपी, एक बोरी यूरिया तथा दो बोरी रखड़ ही उपलब्ध कराया जा रहा है इससे किसानों को जरूरत के अनुसार खाद नहीं मिल पा रहा और वे खुले बाजार से ऊंचे दाम पर खाद खरीदने को मजबूर हैं।


---

## जर्जर भवन व बिना बाउंड्री वॉल के स्कूलों में संवरेगा भविष्य, दांव पर नौनिहालों की सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

अंचल में 16 जून से नए स्कूल सत्र की शुभारंभ शाला प्रवेश उत्सव जोर शोर से मनाकर किया जाएगा। लेकिन इस वर्ष भी क्षेत्र के कई गांवों में स्कूली बच्चे जर्जर भवनों के नीचे बैठकर पढ़ाई करेंगे और अपना भविष्य गढ़ेंगे, साथ ही क्षेत्र के दर्जनों सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर शासन प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारी गंभीर नहीं है। अंचल के ऐसे कइयों शालाओं में आज तक बाउंड्री वॉल न बनने के चलते बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ लगातार हो रही है। ऐसा नहीं है कि अफसरों को इसका पता नहीं है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि स्कूल की छुट्टी या मध्यावकाश के समय बाउंड्री वॉल विहीन शालाओं में खेलते खेलते बच्चे की सुरक्षा अगर खतरे में पड़ जाय तो जिम्मेदार कौन रहेगा। इसका ताजा उदाहरण ग्राम रसेला के पारा बेलडीही में प्राथमिक शाला मेन रोड से 20 क़दम की दूरी पर स्थित है। और यहां पर बाउंड्री वॉल ना होने की वजह से बच्चों की सुरक्षा से काफी असुविधा महसूस होती है, क्योंकि कभी भी बच्चे खेलते खेलते सड़क के पास जा सकता है, और 24 घंटे इस सड़क पर बड़े -बड़े वाहनों का आवाजाही लगा रहता है जिससे हमेशा हादसों का डर बना रहता है और ऐसा भी नहीं है कि बाउंड्री वॉल के लिए सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, कलेक्टर और सुशासन तिहार में हर वर्ष आवेदन लिखते लिखते थक चुके हैं। सिर्फ बेल्डीह की बात नहीं है यहां क्षेत्र में बाउंड्री विहीन शालाओं में कारीमाट्टी, दादरगाव नया,आमापारा, बीजापानी, मडवापथरा, कनफाड, जिडार, कोडामाल, बागबाहरा, छिदौली, कमारपारा, ठेलकादादर सहित ऐसे दर्जनों स्कूलों में चारदीवारी निर्माण को लेकर अभी तक शासन ने कोई भी पहल नहीं किया गया है। इस तरह ग्राम कुडेरादादर के प्राथमिक शाला भवन काफी जर्जर हो चुके हैं, बारिश के दिनों में पानी गिरने पर जल्दी बच्चों की छुट्टी कर

#### जनप्रतिनिधियों और पालकों में भारी आक्रोश



इस संबंध में जनपद सदस्य विमला नागेश, मिलन्तीन कुंजाम, सुखराम ठाकुर, सरपंच रूपादेवी ठाकुर, लता नागेश, विजयकृष्णा नागेश, रवि मरकाम, तुलेश्वर ध्रुव, शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सभी सदस्यगण ने बताया कि जर्जर स्कूल, बाउंड्री वॉल, स्कूलों में लड़कियों के लिए शौचालय बनवाने के लिए शासन प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, फिर भी शासन द्वारा एक लंबे समय से नहीं किए जाने से उक्त स्कूलों की व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है। जिससे पालको में रोष पनप रहा है। इस संबंध में बीआरसीसी प्रेमदास मार्कण्डेय ने बताया कि जितना स्कूल बाउंड्री विहीन है,उसका प्रस्ताव बनाकर शासन को प्रेषित किया गया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मतवाले से संपर्क किया गया मगर कवरेज एरिया से बाहर बताया गया।

## छुरा के कृष्ण कुंज में भाजपा ने रोपे पौधे पर्यावरण संरक्षण की ली सामूहिक शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल छुरा द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 1 स्थित कृष्ण कुंज परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं भाजपा पदाधिकारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा हरित एवं स्वच्छ भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर देशभर में चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के माध्यम से लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों को समझने और निभाने का अवसर है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ और अन्य विशेष अवसरों पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री रामलाल कुलदीप, तोकेश्वरी मांझी, पार्षद चित्ररेखा ध्रुव, बलराज पटेल, रजनी लहरे, संगीता दीक्षित, अजय दीक्षित, हेमंत कंसारी, थानसिंग निषाद, इमरान मेमन, संतोष ध्रुव, रुपनाथ बंजारे, चमन साहू, गिरिवर लहरे, शंकर सेन, वेदिका वासनिक, लीना दुबे, मीना चंद्राकर, खुशबू राजपूत, नरेंद्र पटेल, छोटू ओंकार सोनी, तुलसी साहू, चुन्नी सोनी, गणेशू साहू, मनोहर विश्वकर्मा, समाजसेवी शीतल ध्रुव, प्रेमन ध्रुव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। कृष्ण कुंज परिसर में लगाए गए पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी सामूहिक रूप से लेने की बात कही गई। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र को हराभरा और स्वच्छ बनाने का संदेश दिया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता को और अधिक बल मिल सके।

### सरकारी दफ्तरों में अग्निशामक यंत्र एक्सपायरी, हादसे को दे रहे न्योता

**मैनपुर।** गर्मी का सीजन है, जरा सी चिंगारी कहीं पर भी आग बरपा सकती है। ऐसे में आगजनी से बचने के लिए सरकारी दफ्तरो में मुफीद इंतजाम नहीं किया है। हर शासकीय कार्यालय में सिलेण्डर वाली अग्निशामक यंत्र तो है लेकिन इसकी रख रखाव भी काफी कमजोर है। एक बार कही पर दीवार टंगा यह अग्निशामक यंत्र सालो-साल तक टंगा रहता है। जब इसकी एक्सपायरी आती है उसके दो तीन माह बाद इसका रिफलिंग होता है। तब तक इस मशीन में लगे पिन इत्यादी जंग खाते हुये रहता है। मैनपुर ब्लाक मुख्यालय के सरकारी कार्यालय में यह मशीन तो है लेकिन केवल वह दीवार की शोभा बना हुआ है। जिससे लोगों को दिक्कत हो सकती है। बड़े कार्यालय में इलेट्रिक रूम के पास केबल बिखरे हुये रहते हैं। बता दें कि एक समय था जब सिलेण्डर वाला अग्निशामक यंत्र नहीं था तो आगजनी पर प्रारंभिक रूप से काबू पाने के लिए हर कार्यालय में रेत से भरी लाल बाल्टी रखी जाती थी। लेकिन समय के साथ यह अब नजर नहीं आता है। केवल गोदाम को छोड़कर बाकी जगह से गायब हो चुका है। कुछ जगहों पर तो है लेकिन यह पिकदान बनकर रह गया है। ब्लाक मुख्यालय का सबसे बड़ा दफ्तर जनपद दफ्तर है। जहां पर कई विभागों का दफ्तर संचालित है। इस परिसर में केवल 3 अग्निशामक यंत्र लगे हैं जिसमें से 2 एक्सपायरी हो चुका है तथा तीसरे की 2 माह बाद एक्सपायरी होने वाली है। ऐसे में इस यंत्र की उचित देखभाल की जरूरत है। यहां पर लोगों का आवाजाही लगा रहता है।



## कोपरा मंडल की रणनीतिक बैठक में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुरसाबांधा





विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कोपरा मंडल की संगठनात्मक बैठक ग्राम रवेली में हुई। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, जनसंपर्क कार्यक्रमों तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा प्रकृति संवर्धन का संकल्प लिया। बैठक में 5 जून से 21 जून तक चलने वाले 12 साल बेमिसाल, गांव चलो-घर-घर चलो अभियान को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। अभियान के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि नेहरू साहू ,मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, हीरामणी साहू, जनपद सदस्य दीपक ध्रुव, सरपंच लता ध्रुव, जिला मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा दशरथ यादव, हेमंत वर्मा, नंदू सिन्हा, धानबाई साहू, टीकाराम साहू, हुलास साहू, डॉ. उत्तम घोघरे, टुकेश्वर साहू, मनीष साहू, पुखराज साहू, खिलावन साहू, दिलीप शर्मा, धनीराम साहू, पुरन साहू, बसंत पटेल, देवकी साहू, कुंजन साहू, किरण साहू, लोकेश साहू, शुभम साहू, वासुदेव साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**आज झुलसाने वाली गर्मी का आखिरी दिन**

## 10 से 12 जून के बीच सक्रिय होगा मानसून किसानों की निगाहें टिकी आसमान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

आज छुट्टी का दिन संडे भी है और खुशी की बात यह है कि पंचक का भी आखिरी और अंतिम दिन है। इस बार नौतप्पा और पंचक ने हर किसी के ऊपर इतना जुल्म ढाया है कि लोग इसे बार-बार याद कर रहे है। साथ ही राहत की सांस ले रहे है कि आज से गर्मी खतम और अब मानसुन का बेसब्री से इंतजार है। मालूम हो कि इस साल भीषण गर्मी जो धरती माता और सारे जहां को खूब तपाया है आग की भट्ठी की तरह जलता हुआ महसुस हुआ है। गर्म हवाओं के थपेड़े भी लोगों का जीना हराम कर दिया था। इसका असर अब धीरे-धीरे कम होने लगा है, हालांकि उमस और तपिश अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। लोग अब भी दोपहर के समय तेज धूप और गर्म हवाओं से परेशान नजर आ रहे हैं। मौसम जानकारों की मानें तो आज लोगों को इस विकराल गर्मी का सामना और करना पड़ेगा, उसके बाद मौसम का मिजाज बदलने लगेगा तथा मानसून की दस्तक प्रदेश में सुनाई देने लगेगी। बताया जा रहा है कि दस से बारह जून के बीच मानसून सक्रिय हो सकता है। मानसून के आगमन के साथ ही किसानों के चेहरे खिल उठेंगे और खेती-किसानी के कामों की शुरूआत हो जाएगी। खेतों की जुताई, बुवाई और अन्य कृषि कार्यों में ग्रामीण अंचलों में फिर से रौनक लौट आएगी। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों की निगाहें अब आसमान पर टिक गई हैं। गर्मी के कारण शहर और गांव दोनों जगह लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। दोपहर के समय बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।

#### बारिश से पहले घरों को दुरुस्त करने की मची होड़



इधर मानसून आने से पहले लोग अपने-अपने घरों की मरम्मत और ठिकानों को ठीक करने में जुट गए हैं। कहीं छतों की सफाई हो रही है तो कहीं टपकने वाली छतों को दुरुस्त किया जा रहा है। नालियों की सफाई, पानी निकासी की व्यवस्था और घरों के आसपास की सफाई का काम भी तेजी से किया जा रहा है ताकि बारिश के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान अपने कृषि उपकरणों को ठीक करने और बीज-खाद की व्यवस्था में लगे हुए हैं। बैलगाड़ियों से लेकर ट्रैक्टरों तक की मरम्मत करवाई जा रही है। बाजारों में भी कृषि सामग्री की दुकानों पर भीड़ बढ़ने लगी है। लोगों को अब बेसब्री से उस पल का इंतजार है जब काले बादल छाएंगे, तेज हवाएं चलेंगी और बारिश की पहली बूंदें तपती धरती को ठंडक पहुंचाएंगी। मानसून की दस्तक के साथ ही लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है और पूरा वातावरण फिर से खुशहाल नजर आएगा।



### वैश्विक तापमान को कम करने में पेड़ बहुत सहायक : महेश यादव

**राजिम।** नगर पालिका राजिम में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर के शीतला मंदिर तालाब में वृक्षारोपण करने नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष विश्वकर्मा, पार्षद भारत यादव, नरोत्तम ठाकुर, सुरेश पटेल, बलराम यादव, अजय पटेल, आकाश राजपूत, इंजीनियर निलेश भंवर पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शीतला की पूजा अर्चना के साथ हुआ। यहां फलदार पौधे रोपे गए। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को बनाए रखने के लिए वृक्ष बहुत आवश्यक है, पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, ऑक्सीजन छोड़ते हैं और वैश्विक तापमान वृद्धि को नियंत्रित करने में सहायक होते हैं। वायु और जल प्रदूषण को कम करते हैं, मिट्टी का संरक्षण करते हैं और अनेक प्रजातियों के लिए आवास प्रदान करते हैं। उन्होंने नगरवासियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने अपील किया है।